# भारत 2025-26 में दक्षिण एशिया के विकास का मुख्य इंजन बनने के लिए तैयार; WEF की रिपोर्ट में दावा




**नई दिल्ली, 29 मई (वेब वार्ता)।** विश्व आर्थिक मंच ने अपनी एक रिपोर्ट में सख्त चेतावनी दी है। विश्व आर्थिक मंच ने रिपोर्ट में कहा है कि आर्थिक राष्ट्रवाद, टैरिफ की अस्थिरता लगातार अनिश्चितता को बढ़ावा दे रही है। इसके कारण वैश्विक आर्थिक सुधार और विकास नकारात्मकता की ओर बढ़ सकता है। हालांकि इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि दक्षिण एशिया, आर्थिक विस्तार को लेकर सबसे अधिक आशावादी है। इतना ही नहीं इस क्षेत्र में भारत 2025 और 2026 में विकास का मुख्य इंजन बनने के लिए तैयार है।

दरअसल, विश्व आर्थिक मंच ने 'मुख्य अर्थशास्त्री आउटलुक' शीर्षक वाली अपनी एक रिपोर्ट जारी की है। इसमें दुनिया भर के आर्थिक विशेषज्ञों ने चेताते हुए कहा कि वर्तमान में अमेरिका की आर्थिक नीति वैश्विक रूप से स्थायी प्रभाव डाल रही है, इसके चलते जहां एक ओर मंदी का जोखिम बढ़ रहा है वहीं दूसरी ओर तमाम देशों में रणनीतिक व्यावसायिक निर्णयों में भी देरी हो रही है। इतना ही नहीं मौजूदा आर्थिक घटनाक्रमों के कारण समग्र वैश्विक वृद्धि पर दबाव बढ़ गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भले ही वैश्विक अर्थव्यवस्था इन दिनों सुस्ती के दौर से गुजर रही है, बावजूद इसके रिपोर्ट में नाजुक और असमान सुधार का संकेत दिया गया है। हालांकि क्षेत्रीय मतभेद और बढ़ती वित्तीय कमजोरियां दीर्घकालिक स्थिरता के लिए खतरा बन रही हैं। उभरती अर्थव्यवस्थाओं में खास तौर पर एशिया में अर्थशास्त्री सबसे अधिक संभावनाएं देख रहे हैं। 86% अर्थशास्त्रियों को उम्मीद है कि इस साल दक्षिण एशिया में कम से कम मध्यम वृद्धि होगी, जबकि 73% अर्थशास्त्री पूर्वी एशिया और प्रशांत क्षेत्र के बारे में यही विचार रखते हैं। इसके विपरीत, सिर्फ 56% लोग संयुक्त राज्य अमेरिका, 59ब चीन के लिए, और सिर्फ 13% लोग यूरोप में आर्थिक विकास के लिए सकारात्मक गति की संभावना देख रहे हैं।

हालांकि, दक्षिण एशिया में इस माह की शुरुआत में भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष होने के साथ ही क्षेत्र की चुनौतियां तात्कालिक रूप से और बढ़ गईं। इस क्षेत्र के लिए मुख्य अर्थशास्त्रियों ने मध्यम से उच्च मुद्रास्फीति की उम्मीद जताई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि दक्षिण एशिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भारत विकास का प्राथमिक इंजन बनने के लिए तैयार है। आईएमएफ ने भी भारत की 2025 के लिए 6.2 प्रतिशत और 2026 में 6.3 प्रतिशत जीडीपी विस्तार का अनुमान लगाया है। हालांकि चीन और अमेरिका के बीच टैरिफ पर वार्ता के बाद 90 दिनों की बनी सहमति के बाद भारत के आर्थिक विकास की संभावनाओं पर असर पड़ सकता है, लेकिन भारत और यूके के बीच हुए व्यापास समझौते से एक नई आशा बनी है।

# दाने-दाने को मोहताज पाकिस्तान को चीन का आसरा

## जून के अंत तक 3.7 अरब डॉलर का ऋण देगा ड्रैगन



**नई दिल्ली, 29 मई (वेब वार्ता)।** चीन ने पाकिस्तान को जून के अंत तक 3.7 अरब डॉलर का वाणिज्यिक ऋण देने का आश्वासन दिया है। इससे पाकिस्तान अपने विदेशी मुद्रा भंडार (फॉरेन रिजर्व) को दोहरे अंकों में बनाने में कामयाब हो जाएगा। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने सरकारी सूत्रों के हवाले से अपनी रिपोर्ट में कहा कि इस बार चीन जो ऋण देगा वह चीनी मुद्रा में देगा। इससे पहले चीन जितने भी ऋण देता आया है वह डॉलर में होता था रिपोर्ट के अनुसार चीन ऐसा इसलिए कर रहा है ताकि पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था की निर्भरता डॉलर से हट जाए। रिपोर्ट में कहा गया है कि चूंकि पाकिस्तान पहले ही इस साल मार्च और अप्रैल के बीच तीन किस्तों में औद्योगिक और वाणिज्यिक बैंक ऑफ चाइना (आईसीबीसी) का 1.3 अरब डॉलर का ऋण अदा कर चुका है। इसलिए आईसीबीसी पाकिस्तान अगले कुछ दिनों में पाकिस्तान को नया ऋण (चीनी मुद्रा में) देगा। बता दें कि आईसीबीसी ने दो साल पहले फ्लोटिंग ब्याज दरों पर ऋण दिया था, जो लगभग 7.5 प्रतिशत था। बता दें कि आईएमएफ की हालिया रिपोर्ट में कहा गया है कि दिसंबर 2024 तक पाकिस्तान का कुल विदेशी वाणिज्यिक ऋण 6.2 अरब डॉलर है। इसमें 5.4 अरब डॉलर का चीनी वाणिज्यिक ऋण भी शामिल है। इस वित्तीय वर्ष में डॉलर के मुकाबले पाकिस्तानी रुपये में कुछ गिरावट आई है।

**मनोरंजन**



# तलाक के बाद पहली बार साथ काम करेंगे करण-जेनिफर

## करण जौहर के शो में लेंगे एंट्री, राज कुंद्रा, अपूर्वा मखीजा भी हो सकते हैं शामिल

जेनिफर विंगेट और करण सिंह ग्रोवर एक समय टेलीविजन की मशहूर जोड़ी हुआ करते थे। दोनों ने शादी की थी, लेकिन कुछ समय बाद उनका रिश्ता खत्म हो गया। अब मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि तलाक के करीब 11 साल बाद ये दोनों एक बार फिर साथ नजर आ सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, करण सिंह ग्रोवर और जेनिफर विंगेट करण जौहर के अपकमिंग रियलिटी शो %द ट्रेटर्स% में नजर आ सकते हैं। दोनों ने इस शो का हिस्सा बनने के लिए हामी भर दी है। हालांकि अभी तक मेकर्स की तरफ से कंटेस्टेंट्स की ऑफिशियल लिस्ट जारी नहीं की गई है। कहा जा रहा है कि राज कुंद्रा, रफ्तार, अपूर्वा मुखीजा, मुनव्वर फारुकी, उर्फी जावेद, करण कुंद्रा और जैस्मीन भसीन जैसे कई चर्चित चेहरे भी इस शो में दिखाई दे सकते हैं।

### क्या है 'द ट्रेटर्स' शो?

यह शो इंटरनेशनल लेवल पर ड्रामा, झगड़े और कभी ना खत्म होने वाले विवाद के लिए जाना जाता है। 12 जून से यह शो प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगा।

### 2012 में हुई थी शादी




जेनिफर विंगेट और करण सिंह ग्रोवर पहली बार टीवी शो दिल मिल गए में साथ नजर आए थे। इसी शो के दौरान दोनों के अफेयर की खबरें भी सामने आई थीं। कुछ समय तक एक-दूसरे को डेट करने के बाद, उन्होंने साल 2012 में शादी कर ली थी। हालांकि, शादी के सिर्फ दो साल बाद ही दोनों ने तलाक लेने का फैसला किया। तलाक के बाद करण की मुलाकात बिपाशा बसु से 'अलोन' फिल्म के सेट पर हुई थी। दोनों ने एक साल बाद 30 अप्रैल 2016 को शादी की थी। अब कपल की एक बेटी भी है। वहीं, जेनिफर विंगेट ने अब तक दोबारा शादी नहीं की है।

**करण से अलग होने के बाद स्ट्रेस में रहने लगी थीं जेनिफर :** एक इंटरव्यू में जेनिफर ने करण से अलग होने के बारे में बात की थी। उन्होंने बताया था, 'मेरे तलाक के बारे में लोगों को पता चल गया था और मैं सोशल मीडिया यूज तक नहीं करती थी। लोग मेरे और करण के बारे में बहुत कुछ उल्टा-सीधा लिख रहे थे। यह हम दोनों के लिए ही हमारी प्राइवेसी का उल्लंघन था। वो समय बहुत ही स्ट्रेसफुल था। मैं कहीं खो चुकी थी और मुझे नहीं पता था कि क्या हो रहा है। मैं अपने जोन में वापस चली गई थी, लेकिन काम ने मुझे इस एनर्जी के साथ वापस लौटने में मदद की।'

## दीपिका कक्कड़ को हुआ सेकेंड स्टेज का लिवर कैंसर

# पेट में टेनिस बॉल साइज के ट्यूमर में हैं कैंसर, तेज बुखार होने पर सर्जरी टालनी पड़ी थी



ससुराल सिमर का फेम एक्ट्रेस दीपिका कक्कड़ को सेकंड स्टेज का कैंसर हो गया है। एक्ट्रेस ने पोस्ट शेयर कर इसकी जानकारी दी है। एक्ट्रेस की पोस्ट सामने आने के बाद से ही फैंस और करीबी फिक्रमंद हो गए हैं, हालांकि एक्ट्रेस ने ये भी तसल्ली दी है कि वो जल्द ही ठीक हो जाएंगी।

दीपिका ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम से पोस्ट शेयर कर लिखा है, जैसा कि आप सब जानते हैं कि पिछले कुछ हफ्ते हमारे लिए मुश्किल रहे हैं। पेट के ऊपरी हिस्से के तेज दर्द के साथ हॉस्पिटल जाना, फिर पता चलना कि हमारे लिवर में टेनिस बॉल के साइज का ट्यूमर है और फिर पता चलना कि ये ट्यूमर सेकेंड स्टेज कैंसर है। ये हमारे लिए सबसे मुश्किल समय है जिसे हमने देखा और एक्सपीरियंस किया है। मैं पूरी हिम्मत के साथ इसका सामना करने और इससे निकलने के लिए पॉजिटिव और डिटरमाइन हूं। इंशाल्लाह। मेरा परिवार भी इसमें मेरे साथ है और आप सब भी लगातार प्यार और दुआ भेज रहे हैं। हम इससे निकल जाएंगे। इंशाल्लाह। दुआ में याद रखना।

पोस्ट शेयर करने के बाद से ही फिल्म और टीवी इंडस्ट्री से जुड़े लोग लगातार दीपिका कक्कड़ के जल्द से जल्द ठीक होने की दुआ कर रहे हैं।

इसके अलावा दीपिका के पति शोएब इब्राहिम ने अपने यूट्यूब चैनल से एक वीडियो पोस्ट की है, जिसमें उन्होंने फैंस को बताया है कि कैसे उन्हें कैंसर की जानकारी मिली। शोएब ने बताया है कि दीपिका को बीते कुछ दिनों से लगातार पेट में दर्द हो रहा था। उन्होंने इसका टेस्ट करवाया तो पता चला कि उन्हें ट्यूमर है। कुछ समय पहले ही दीपिका की सर्जरी होने वाली थी, जिसमें ये ट्यूमर निकाला जाने वाला था, लेकिन इसी बीच एक्ट्रेस को तेज बुखार हो गया, जिससे उनकी सर्जरी टाल दी गई थी।

अब जांच में सामने आया है कि ट्यूमर में सेकंड स्टेज का कैंसर है। दीपिका ने व्लॉग में कहा है कि डॉक्टर्स ने उन्हें तसल्ली दी है कि ये कैंसर काफी आसानी से ठीक किया जा सकता है। कोई भी चिंता की बात नहीं है। वहीं कपल ने सभी फैंस से दुआ करने की अपील की है। बताते चलें कि दीपिका कक्कड़ ससुराल सिमर का, अगले जनम मोहे बिटिया ही कीजो, कहां हम कहां तुम जैसे टीवी शोज में नजर आ चुकी हैं। इसके अलावा वो नच बलिए, झलक दिखला जा और बिग बॉस 12 जैसे रियलिटी शोज का हिस्सा रही हैं। दीपिका बिग बॉस 12 की विनर रह चुकी हैं।



## 'वो गाड़ी में मेरे साथ अश्लील हरकतें करने लगा'


# कास्टिंग काउच पर बोलीं टीवी एक्ट्रेस ऐश्वर्या शर्मा, उनसे कहा था- इंडस्ट्री में समझौता करना पड़ता है

टीवी जगत में कई सितारे हैं, जिन्होंने कास्टिंग काउच को लेकर खुलकर अपनी बात रखी है। 'गुम है किसी के प्यार में' सीरियल में नजर आ चुकीं एक्ट्रेस ऐश्वर्या शर्मा ने भी इस मुद्दे पर एक्सपीरियंस शेयर किया। उन्होंने बताया कि एक समय उन्हें काम दिलवाने के बहाने गलत व्यवहार का सामना करना पड़ा था। आज भी जब वे उस पल को याद करती हैं, तो डर जाती हैं। एक इंटरव्यू में ऐश्वर्या ने कहा, एक्टिंग में अपना करियर बनाना मेरे लिए कभी भी आसान नहीं रहा। जब मुंबई में मैं अपनी मौसी के घर रही थी। काम के लिए कई ऑडिशन दिए, लेकिन मुझे काम नहीं मिल रहा था। कई बार रिजेक्शन का सामना करना पड़ा। कुछ समय बाद मुझे काम मिलने लगा, लेकिन किरदार कुछ खास नहीं थे। इसी दौरान मुझे कास्टिंग काउच का दर्द भी झूझना पड़ा। ऐश्वर्या शर्मा ने बताया, 'एक बार एक प्रोड्यूसर ने मुझे लोखंडवाला बैक रोड पर मिलने के लिए बुलाया। मैं वहां पहुंची और उसकी गाड़ी में बैठ गई। पहले तो उसने सामान्य बातचीत की, लेकिन फिर अचानक वह मेरे पास आकर बैठ गया और मेरे बालों में हाथ फेरने लगा। मैंने तुरंत उसे रोका और पूछा कि वह क्या कर रहा है। इस पर उसने कहा कि बिना समझौते के इस इंडस्ट्री में काम नहीं मिलता। यह सुनकर मैं बुरी तरह डर गई। मैं तुरंत गाड़ी से उतरकर वहां से भागी और रास्ते में लगातार रोती रही। मैंने पापा को फोन कर सारी बात बताई। उन्होंने मुझे समझाते हुए हिम्मत दी और कहा कि ऐसे लोगों से दूर रहो और डरने की जरूरत नहीं है।' बता दें कि ऐश्वर्या शर्मा रियलिटी शो बिग बॉस सीजन 17 और खतरों के खिलाड़ी 13 में नजर आ चुकी हैं। टीवी शो गुम है किसी के प्यार में के दौरान उन्हें लीड एक्टर नील भट्ट से प्यार हो गया था, जिसके बाद दोनों ने शादी कर ली। हालांकि, हाल ही में दोनों के रिश्ते में अनबन की खबरें सामने आई हैं।

# ऐश्वर्या राय से तुलना हुई तो भड़कीं उर्वशी रौतेला

## कांस लुक पर कहा- मैं यहां किसी की डुप्लीकेट बनने नहीं आई हूं, मैं ब्लूप्रिंट हूं





उर्वशी रौतेला लगातार अपने कांस फिल्म फेस्टिवल के लुक्स के चलते चर्चा में बनी हुई थीं। पहले दिन रेड कार्पेट से उर्वशी की तस्वीरें सामने आने पर लोग लगातार उनकी तुलना ऐश्वर्या राय से कर रहे थे। इस तरह की खबरों पर उर्वशी रौतेला की भी नजरें पड़ गईं, जिस पर उन्होंने भड़कते हुए कहा है कि वो किसी की डुप्लीकेट नहीं हैं बल्कि वो खुद ब्लूप्रिंट हैं।

उर्वशी ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से वो न्यूज पोस्ट की है, जिसमें लिखा गया था कि उर्वशी ने जीरो करिज्मा के साथ ऐश्वर्या राय बनने की कोशिश की। इस पर एक्ट्रेस ने भड़ककर लिखा है, तो जाहिर है कि मैं 0 करिज्मा वाली ऐश्वर्या राय बनने की कोशिश कर रही हूं? डार्लिंग ऐश्वर्या आइकॉनिक है। लेकिन मैं यहां किसी की डुप्लीकेट बनने नहीं आई। मैं ही ब्लूप्रिंट हूं। कांस ने मुझे किसी में मिल जाने के लिए नहीं बुलाया गया, मैं यहां अलग दिखने आई हूं। अगर मेरा लुक, मेरा स्टाइल और मेरा कॉन्फिडेंस आपको असहज महसूस करवाता है तो शायद आपको एक गहरी सांस लेना चाहिए। मैं हर किसी को समझ नहीं आती। मैं फायरवर्क के साथ शैंपेन की तरह हूं।

इसके अलावा उर्वशी ने उन खबरों पर भी चुप्पी तोड़ी है, जिनमें कहा जा रहा है कि कांस के रेड कार्पेट पर उर्वशी को पोज देने से रोका गया। इस पर एक्ट्रेस ने लिखा है, मैं डाइट सब्या (फैशन वेबसाइट) के खिलाफ पूरी ताकत के साथ खड़ी हूं, एक फेसलेस पेज जो झूठा दावा करने की हिम्मत करता है कि मुझे सीढ़ियों पर ब्लॉक किया गया। सच्चाई को सामने आने दें। मेरी टीम ने सीढ़ियों पर फोटोशूट के परमिशन ली, जैसा कि दूसरों ने ली। मैं गौरवपूर्ण कांस के हर नियम का सख्ती से पालन करती हूं। आगे एक्ट्रेस लिखती हैं, उनकी बेबुनियाद कहानी हम जैसों को निशाना बनाती हैं, जो एक ग्लोबल प्लेटफॉर्म में भारत का गौरव बढ़ाते हैं। कोई डाइट सब्या या उनके झूठ मेरी रोशनी कम नहीं कर सकते। चाहे आप मुझे कितना भी ट्रोल करें, हम आपको दूसरों की तरह पैसे नहीं देंगे। पेड ट्रोल्स। बताते चलें कि इस साल उर्वशी रौतेला कांस के रेड कार्पेट पर पहुंची थीं। पहले दिन उनका एक वीडियो सामने आया था, जिसमें उन्हें पोज देने से रोका जा रहा था। एक्ट्रेस सीढ़ियों पर खड़ी थीं और सिक्योरिटी टीम उन्हें वहां से हटने के लिए कह रही थी।

# विधायक शत्रुघ्न गौतम ने प्रेसवार्ता में की बड़ी घोषणाएं

*जून से केकड़ी-देवली- नसीराबाद का प्रथम चरण शुरू, 650 करोड़ की परियोजना से केकड़ी को मिलेगा नया इंफ्रास्ट्रक्चर मॉडल*

तीन हाईवे - जयपुर-भीलवाड़ा, ब्यावर-भरतपुर और देवली-केकड़ी- नसीराबाद से बदलेगा केकड़ी का भविष्य, रिंग रोड और फोरलेन से खुलेगा विकास का राजमार्ग

## केकड़ी के लिए सुनहरा भविष्य तय - डबल इंजन सरकार की बड़ी योजनाओं से होगा चहुंमुखी विकास

*नायकी से कादेड़ा तक बनेगा चौड़ा फोरलेन, रिंग रोड के नए स्वरूप से केकड़ी को मिलेगा सुगम यातायात*

बिना दूरदर्शी सोच के कांग्रेस सरकार ने रोका विकास, अब भाजपा सरकार दे रही केकड़ी को नई पहचान

**प्रभात अभिनन्दन न्यूज**

केकडी, 29 मई (दीपांकुर चौहान)। क्षेत्रीय विकास की दृष्टि से केकड़ी विधानसभा क्षेत्र में आने वाले वर्षों में अभूतपूर्व परिवर्तन देखने को मिलेंगे। यह बात केकड़ी विधायक शत्रुघ्न गौतम ने गुरुवार को प्रेस वार्ता में कही। उन्होंने रिंग रोड, फोरलेन और प्रमुख एक सप्रेसवे परियोजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। गौतम ने बताया कि वर्ष 2008-09 में राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम के माध्यम से 180 करोड़ रुपए का लोन लिया गया था जिससे देवली-केकड़ी-नसीराबाद सड़क परियोजना प्रस्तावित की गई थी। इसके बाद जब वे 2013 में विधायक बने तो 2015 में केकड़ी के रिंग रोड के लिए उन्होंने 71 करोड़ रुपए की स्वीकृति करवाई। किसानों की सैद्धांतिक सहमति के बाद मुआवजा वितरण भी शुरू हो गया था लेकिन 2018 में सरकार बदलने के साथ इस परियोजना की दिशा भटक गई।



'सांप-सीढ़ी' जैसा बना दी गई रिंग रोड

गौतम ने कहा कि 2020-21 में कांग्रेस सरकार के समय स्थानीय जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की लापरवाही से रिंग रोड का स्वरूप अव्यवस्थित हो गया। अब डबल इंजन की सरकार ने इस प्रोजेक्ट को फिर से गति दी है और 650 करोड़ रुपए की स्वीकृति के साथ जून माह से प्रथम चरण में देवली - केकड़ी - नसीराबाद तक कार्य प्रारंभ होगा।

रिंग रोड और फोरलेन से जुड़े कार्यों का खाका

उन्होंने बताया कि वर्तमान बायपास को रिंग रोड के रूप में चौड़ा किया जाएगा और नायकी से लेकर कादेड़ा तक का फोरलेन मार्ग बनेगा। यह सड़क बघेरा रोड चौराहा, ज्योतिबा फूले सर्किल और परशुराम सर्किल को पार करते हुए कादेड़ा रोड से जुड़ेगी जिससे शहर का यातायात सुगम हो जाएगा। पूर्ववर्ती सरकार पर गंभीर आरोप गौतम ने कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि उनके पास न तो कोई सोच थी न योजना और न ही दूरदर्शिता। कादेड़ा रोड इसका उदाहरण है जहां बिना सड़क निर्माण के डिवाइडर बना दिया गया। वर्तमान में इस सड़क के लिए स्वीकृति कराकर कार्य शुरू किया गया है।

एक्सप्रेसवे से केकड़ी को मिलेगा औद्योगिक बढ़ावा

विधायक गौतम ने कहा कि केकड़ी को औद्योगिक हब बनाने की दिशा में तीन बड़ी सड़क परियोजनाएं निर्णायक भूमिका निभाएंगी

जयपुर-भीलवाड़ा ग्रीन एक्सप्रेसवे

दूरी 206 किमी से घटकर लगभग 193 किमी हो जाएगी और यात्रा का समय 3:30 घंटे से घटकर 2 घंटे रह जाएगा। इसमें 17 एचएलबी (बड़े पुल), 17 छोटे पुल और 6 फ्लाईओवर प्रस्तावित हैं।

ब्यावर-भरतपुर एक्सप्रेसवे

342 किमी लंबा यह एक्सप्रेसवे गुलाबपुरा, केकड़ी, टोडारायसिंह, उनियारा, टोंक और निवाई होते हुए गुजरेगा। इससे यात्रा समय 7-8 घंटे से घटकर 5-6 घंटे हो जाएगा।

देवली-केकड़ी- नसीराबाद फोरलेन

इस परियोजना की डीपीआर बन चुकी है। पहले चरण में केकड़ी से देवली तक और फिर नसीराबाद तक सड़क का निर्माण किया जाएगा।

बस डिपो और सड़क नेटवर्क से बदलेगी तस्वीर

गौतम ने कहा कि इन सड़कों के कारण केकड़ी में एक नया बस डिपो भी बन रहा है जो क्षेत्रीय आवागमन और रोजगार के नए अवसर प्रदान करेगा। केकड़ी विधायक शत्रुघ्न गौतम ने कहा कि डबल इंजन की सरकार दूरदर्शी सोच और योजनाबद्ध नीति के साथ केकड़ी को विकास के अगले पायदान पर पहुंचा रही है।

# वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 486 वी जयंती धूमधाम से मनाई गई



**प्रभात अभिनन्दन न्यूज**

केकडी, 29 मई (दीपांकुर चौहान)। केकड़ी आज वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 486 वी जयंती बड़ी ही धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत वाहन रैली से हुई जिसको भंवर सिंह पलाड़ा समाजसेवी द्वारा हरि झंडी देकर रवाना किया गया। जो शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए वापस छात्रावास केकड़ी पहुंची।

बाद में मुख्य कार्यक्रम की शुरुआत हुई जिसमें सभी अतिथियों का स्वागत सत्कार किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि प्रेम सिंह बाजोर, महारानी साहिबा कल्पना कंवर लाडपुरा कोटा विधायक, क्षेत्रीय विधायक शत्रुघ्न गौतम, राम सिंह चंदलाई अध्यक्ष राजपूत सभा जयपुर, केकड़ी प्रधान होनहार सिंह, नारायण सिंह राठौड़ सरवाड़ राजपूत सभा अध्यक्ष, विश्वजीत सिंह सावर चेयरमैन, जिला अध्यक्ष महेन्द्र सिंह जी, श्री क्षत्रिय सभा अध्यक्ष गोपाल सिंह कादेड़ा, पूर्व प्रधान भूपेन्द्र सिंह सावर, उपप्रधान प्रभाकरण सिंह, केकड़ी चेयरमैन कमलेश साहू मंचासिन रहे। सभा के मीडिया प्रभारी रविन्द्र सिंह पिपलाज ने बताया कि समारोह में प्रतिभाओं व पत्रकारों का सम्मान किया गया। जो अपनी तरफ से उचित कवरेज देते हैं। इसके अलावा कार्यक्रम में तहसील अध्यक्ष चन्द्रवीर सिंह चौसला, कोषाध्यक्ष महेन्द्र सिंह भराई, सहकोषाध्यक्ष शिवराज सिंह प्रान्हेड़ा, बहादुर सिंह पिपलाज, भगवान सिंह निमोद, राजेन्द्र सिंह भराई, घीसू सिंह भाटी, भूपेन्द्र सिंह कोहड़ा, हितेंद्र सिंह जैतपुरा, गिरधर सिंह सुनारिया व काफी संख्या में राजपूत समाज व अन्य समाज के महानुभाव उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन भंवर सिंह देवगांव ने किया।

# यात्रियों की सुविधा हेतु हिसार-हडपसर-हिसार साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल रेलसेवा की संचालन अवधि में 05 ट्रिप का विस्तार

जयपुर, 29 मई (का.सं.)। रेलवे द्वारा ग्रीष्मावकाश पर यात्रियो की सुविधा हेतु हिसार-हडपसर-हिसार साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल रेलसेवा की संचालन अवधि में 05 ट्रिप का विस्तार किया जा रहा है।

गाडी संख्या 04725, हिसार-हडपसर साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा दिनांक 01.06.25 से 29.06.25 तक (05 ट्रिप) हिसार से प्रत्येक रविवार को 05.50 बजे रवाना होकर सोमवार को 10.45 बजे हडपसर पहुँचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 04726, हडपसर-हिसार साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा दिनांक 02.06.25 से 30.06.25 तक (05 ट्रिप) हडपसर से प्रत्येक सोमवार को 17.00 बजे रवाना होकर मंगलवार को 22.25 बजे हिसार पहुँचेगी।

यह रेलसेवा मार्ग में सादुलपुर, लोहारू, चिडावा, झुंझुनू, नवलगढ, सीकर, रींगस, जयपुर, दुर्गापुरा, सवाईमाधोपुर , डकनिया तलाव, भवानी मंडी, नागदा, रतलाम, गोधरा, वडोदरा, भरूच, सूरत, वलसाड, वापी, बसईरोड, कल्याण, लोणावला, चिंचवड व पुणे स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस रेलसेवा में 02 सैकण्ड एसी, 04 थर्ड एसी, 08 द्वितीय शयनयान, 04 साधारण श्रेणी व 02 गार्ड डिब्बो सहित कुल 20 डिब्बे होगे।

## बीकानेर-बान्द्रा टर्मिनस साप्ताहिक सुपरफास्ट रेलसेवा का साबरमती स्टेशन पर संचालन समय में आंशिक परिवर्तन

जयपुर, 29 मई (का.सं.)। रेलवे द्वारा बीकानेर-बान्द्रा टर्मिनस साप्ताहिक सुपरफास्ट रेलसेवा का साबरमती स्टेशन पर संचालन समय में आंशिक परिवर्तन किया जा रहा है। गाडी संख्या 21904, बीकानेर-बान्द्रा टर्मिनस साप्ताहिक सुपरफास्ट रेलसेवा जो दिनांक 04.06.25 से बीकानेर से प्रस्थान करेगी वह रेलसेवा आगामी आदेशों तक साबरमती स्टेशन पर परिवर्तित समय 21.35 बजे आगमन व 21.40 बजे प्रस्थान करेगी। इस रेलसेवा का मार्ग के अन्य स्टेशनों पर संचालन समय व ठहराव यथावत रहेंगे।

## चम्पालाल जी महाराज का जमुना रिसोर्ट में नागरिक अभिनन्दन

झुंझुनूं। श्री मसाणिया भैरव धाम राजगढ़ जिला अजमेर के मुख्य उपासक एवं सर्वधर्म प्रेमी चम्पालाल महाराज का बगड़ रोड़ स्थित जमुना रिसोर्ट में नागरिक अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम के दौरान चम्पालाल महाराज ने शेखावाटी के शहीद वीर सपूतों को नमन करते हुए कहा कि झुंझुनूं की माटी दिव्य भूमि है। जहां देश के लिए युवाओं की कुर्बानियां अलग ही कहानियां सुना रही है।

# छात्रा मोनिका बराला को स्कूटी मिलने पर कॉलेज प्रशासन द्वारा किया गया सम्मानित

*राज्य सरकार की काली बाई मेधावी योजना के अंतर्गत हुआ सम्मान*



**प्रभात अभिनन्दन न्यूज**

चौमूं, 29 मई (का.सं.)। निकटवर्ती ग्राम ढोढसर स्थित रतन देवी महाविद्यालय की कक्षा बी ए चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा ममता बराला पुत्री बंशीधर बराला ग्राम भूतेड़ा को राज्य सरकार की कालीबाई मेधावी स्कूटी योजना के अंतर्गत सम्मानित किया गया । इस अवसर पर कॉलेज के निर्देशक श्रवण कुमार सैनी, प्राचार्य राजबाला सैनी, नेमीचंद बराला, हंसराज गढ़वाल, मनोज चौधरी, ममता घोसल्या, मोनू गुरावा, सुरेश कुमार पिंगल, राकेश कुमार महरिया, शंकर लाल सैन, गंगाराम यादव, सुमेश कुमार सैनी, सूरजमल सैनी, खेमचंद बुनकर, सुरेश कुमार बराला, राकेश कुमार के द्वारा छात्रा एवं उसके परिजनों को माला एवं साफा पहनाकर सम्मानित किया गया।

## डॉ. आचार्य बने प्रसार के प्रदेश अध्यक्ष, निर्विरोध हुआ निर्वाचन



जयपुर/बीकानेर, 28 मई। पब्लिक रिलेशंस एंड एलाईड सर्विसेज एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (प्रसार) के प्रदेश अध्यक्ष पद डॉ. हरि शंकर आचार्य निर्वाचित हुए हैं। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के अधिकारियों के संगठन 'प्रसार' के अध्यक्ष पद पर डॉ. आचार्य का निर्वाचन निर्विरोध हुआ है। प्रसार के निर्वाचन कार्यालय द्वारा बुधवार को जारी परिणामों के अनुसार ने वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर श्री अजय कुमार, उपाध्यक्ष (क्षेत्रीय) पद पर श्री धर्मेंद्र कुमार मीना, उपाध्यक्ष (मुख्यालय) पद पर श्री चंद्रशेखर पारीक, महासचिव पद पर श्री अभय सिंह और संयुक्त सचिव पद पर सुश्री अंजलिका पंवार निर्वाचित हुए हैं। डॉ. आचार्य वर्तमान में सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय बीकानेर में उपनिदेशक पद पर नियुक्त हैं और माध्यमिक शिक्षा निदेशालय में उपनिदेशक (जनसंपर्क का अतिरिक्त कार्यभार देख रहे हैं।

# विवेकानन्द संस्कार स्कूल का 10वीं में भी रहा उत्कृष्ट परिणाम



**प्रभात अभिनन्दन न्यूज**

गंगापुर सिटी, 29 मई (का.सं.)। हाल ही में 28 मई, बुधवार को जारी 10वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में गंगापुर सिटी के श्रीनिवास मिल स्थित विवेकानन्द संस्कार सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है।

हर साल, लगातार विद्यालय अभिभावकों के विश्वास पर खरा उतरता रहा है। जारी हुए 10वीं के परिणाम को बहुत ही धूम-धाम के साथ मनाया गया। टॉपर्स विद्यार्थियों के घर और गाँव में जाकर विद्यालय स्टाफ द्वारा खूब आतिशबाजी की गई। उसके बाद टॉपर्स को माला, साफा पहनाकर और मिठाई खिलाकर उनका स्वागत और सम्मान किया गया। वहीं टॉपर्स के माता-पिता का भी सम्मान किया गया। जारी परिणाम में विद्यालय के अभिषेक वर्मा पुत्र सुरेश चन्द्र ने 96.67 प्रतिशत और सचिन कुमार पुत्र गिरधारी ने भी 96.67 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं छात्रा रागिनी चौधरी ने 94.33 प्रतिशत अंक, आयुशी राज ने 94.17 प्रतिशत, छात्र आर्यन कुमार ने 94 प्रतिशत अंक, मोहित गुप्ता ने 93.83 प्रतिशत, चेतराम प्रजापत ने 93.50 प्रतिशत, छात्रा मोहिनी शाक्यवार ने 93.50 प्रतिशत, यशश्वी सिंह ने 93.50 प्रतिशत, गुनगुन ने 93.33 प्रतिशत, लक्षिता कुमारी ने 93.33 प्रतिशत, छवि शर्मा ने 93 प्रतिशत, सोनम कुमारी सैन ने 92.67 प्रतिशत, छात्र नितिन अग्रवाल ने 92.50 प्रतिशत, आकाश मीना ने 91.67 प्रतिशत और प्रिंस नाहरवाल ने भी 91.67 प्रतिशत, मोक्ष उपाध्याय ने 91.50 प्रतिशत, छात्रा प्रकृति प्रजापति ने 91.33 प्रतिशत, अभिषेक मीना ने 90.17 प्रतिशत और पार्थ शर्मा ने 90 प्रतिशत अंक हासिल कर अपने विद्यालय और परिवार को गौरान्वित किया है। सभी अध्यापकों ने टॉपर्स को शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय सिन्हा ने कहा कि जो विद्यार्थी अपने अध्यापकों पर और परिवारजनों पर पूर्ण विश्वाश रखता है, वो अपने जीवन में हमेशा स्थायी तरक्की को प्राप्त करता है। विद्यालय के बेअन्त सिंह चौधरी ने कहा कि चाहे 12वीं साइंस या कॉमर्स का रिजल्ट रहा हो या दसवीं का, प्रत्येक रिजल्ट में विवेकानन्द संस्कार स्कूल ने अपने आपको सर्वश्रेष्ठ सिद्ध किया है। भविष्य में भी विद्यालय अपने आदर्श वाक्य शिक्षा भी, संस्कार भी और सफलता भी पर हमेशा खरा उतरता रहेगा।

# स्विमसूट में वह लुक पाने के लिए कियारा ने खूब मेहनत की! - अनाइता श्रॉफ अदजानिया

मुंबई, 29 मई (वेब वार्ता)। वॉर 2 का टीज़र जैसे ही रिलीज हुआ, इंटरनेट पर बवाल मच गया। जहां एक ओर ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर अपने दमदार एक्शन अवतार से फैंस का दिल जीत रहे थे, वहीं कियारा आडवाणी की एक झलक ने सोशल मीडिया पर आग लगा दी।

कियारा ने टीज़र में नियॉन लाइम ग्रीन बिकिनी में पूल के किनारे वॉक करते हुए सबका ध्यान खींचा। उनका यह बोल्ड और ग्लैमरस लुक इंटरनेट पर वायरल हो गया। भारत की शीर्ष फैशन स्टाइलिस्ट अनाइता श्रॉफ अदजानिया ने वॉर 2 में कियारा का यह लुक डिज़ाइन किया है। वे कहती हैं, यह पहली बार था जब मैंने कियारा को किसी फिल्म के लिए स्टाइल किया, और ब्रीफ था-हॉट। मैंने पहले भी कई फिल्मों में स्विमसूट स्टाइल किए हैं, लेकिन इस बार मैं चाहती थी कि यह लुक बिल्कुल नेचुरल और रिलैक्स्ड लगे, जैसे कोई लड़की समुद्र तट पर होती है- बिल्कुल आत्मविश्वास के साथ। अनाइता आगे बताती हैं, शूटिंग के दौरान भी मैं कियारा से यही कहती रही-अपने में रहो, किसी और के लिए नहीं। यह लुक इसलिए काम करता है क्योंकि वह इसे निभा नहीं रही थीं, बल्कि जी रही थीं।



कियारा के लुक में और भी सरप्राइज़ होंगे, ऐसा अनाइता ने इशारा किया। वे कहती हैं,

मैंने जानबूझकर एक असामान्य रंग चुना-ना पूरी तरह हरा, ना पूरी तरह पीला-एक आकर्षक, अनोखा शेड जो तुरंत ध्यान खींचे। बिकिनी के डिज़ाइन पर बात करते हुए अनाइता बताती हैं, कट बेहद सिंपल है, लेकिन सामने से देखने पर एक नया ट्विस्ट है-हमने पहली बार बिकिनी चार्म्स का प्रयोग किया है, जो सेंटर में लगे हैं। यह मिस्ट्री और मस्ती का सही बैलेंस बनाता है। और आखिर में वे कहती हैं, उस धात्विक चमक (मेटालिक शीन) को कैसे भूल सकते हैं! यह हमें 70 के दशक के ग्लैमर की याद दिलाता है, लेकिन साथ ही आज की जेन ़ के बोल्ड और फंकी स्टाइल का भी हिस्सा लगता है। अनाइता के अनुसार, कियारा ने इस लुक के लिए कड़ी मेहनत की। वह इसमें इतनी सहज थीं कि उन्हें यह सोचने की ज़रूरत ही नहीं थी कि कैसे घूमना है, क्या करना है-बस अपने शरीर में पूरी तरह आज़ाद। और जो शानदार बॉडी आप स्क्रीन पर देख रहे हैं-वो पूरी तरह उनकी मेहनत का नतीजा है। वॉर 2, वाईआरएफ स्पाय यूनिवर्स की छठी फिल्म है और 14 अगस्त, 2025 को हिंदी, तमिल और तेलुगु में दुनियाभर में रिलीज होगी। इसका निर्देशन अयान मुखर्जी ने किया है और निर्माण आदित्य चोपड़ा ने किया है।

## बीडीके अस्पताल के ऑक्सीजन प्लांट्स की मॉक ड्रिल की

झुंझुनूं। राजकीय बीडीके अस्पताल में कोविड संक्रमण की संभावित तैयारीयों को देखते हुए ऑक्सीजन प्लांट्स की गुरुवार को मॉकड्रिल की गई। पीएमओ एवं वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. जितेंद्र भाम्बू ने बताया कि अस्पताल में प्रत्येक ऑक्सीजन प्लांट को चरणबद्ध रूप से चालू किया गया। आक्सीजन प्लांटस् में आक्सीजन प्रेशर, पाइपलाइन की स्थिति, आईसीयू में प्रेशर और ऑक्सीजन की शुद्धता, खाली एवं भरें हुए ऑक्सीजन सिलेंडर की स्थिति तथा वार्ड एवं आईसीयू में ऑक्सीजन पॉइंट्स की स्थिति के विषय में टीम गठित कर जांच की गई।

## पंचमुखी हनुमान मंदिर पर श्री शिव शक्ति महायज्ञ आज से



गंगापुर सिटी, 29 मई (मदन मोहन गर्ग)। श्री श्री 108 महंत रामस्वरूप दास त्यागी जी महाराज के सानिध्य में आमजन के सहयोग से गंगापुर सिटी के प्रसिद्ध स्थल पंचमुखी धाम धूधेश्वर रोड पर 30 मई से श्री शिव शक्ति महायज्ञ श्रीमद् भागवत कथा रामलीला, नूतन मूर्ति स्थापना महोत्सव का आयोजन होगा।

नव कुंडिय शिव शक्ति महायज्ञ की तैयारी लगभग पूर्ण हो चुकी है नव कुंडीय यज्ञशाला का निर्माण पूर्ण हो चुका है, यज्ञ आयोजक महंत रामस्वरूप दास त्यागी, यज्ञ आचार्य पंडित अशोक दीक्षित एवं कमेटी के लोगों ने तैयारी को अंतिम रूप दिया। कार्यक्रम 30 मई शुक्रवार सुबह 8 बजे विशाल भव्य कलश यात्रा उघाडमल बालाजी से प्रस्थान कर मुख्य मार्गो से होते हुए पंचमुखी धाम पहुंचेगी, 31 मई से 8 जून तक नव कुंडिय श्री शिव शक्ति महायज्ञ सुबह 8:00 से 12 बजे शाम को 3:00 से 6:00 31 मई से 7 जून तक श्रीमद् भागवत कथा सुबह 10:00 से 2:00 तक, 31 मई से 7 जून तक रामलीला का आयोजन अयोध्या की प्रसिद्ध मंडली द्वारा दोपहर 2:00 बजे से शाम 6:00 तक,7 जून को राम बारात शिव बारात उघाडमल बालाजी से शाम 5:00 बजे,8 जून को नूतन मूर्ति स्थापना , यज्ञ पूर्णाहुति, विशाल भंडारा होगा। आयोजन से जुड़े दर्शन सिंह गुर्जर ने बताया कि पंचमुखी बालाजी धाम छार्रा चूली उघाडमल बालाजी और आसपास के ग्रामीण क्षेत्र ही नहीं बल्कि दूर दराज के ग्रामीण क्षेत्र एवं गंगापुर शहर के हजारो लोगों की आस्था का केंद्र है ,आयोजन में देशभर के विभिन्न शक्तिपीठ व अखाड़ो से साधु संत भी शिरकत करेंगे।

## युवा पीढ़ी को तम्बाकू से दुर रखने में मीडिया की भूमिका पर आमुखीकरण

जयपुर। राजस्थान तम्बाकू मुक्त अलायंस द्वारा राज्य स्तरीय मीडिया आमुखीकरण का आयोजन गुरुवार को गोल्डन टूलिप होटल में किया गया। जिसमें अलायंस अध्यक्ष डॉ. रमेश गांधी ने कहा की इस वर्ष 31 मई को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस की थीम डबल्यूएचओ द्वारा आकर्षण का पर्दाफाश करें - स्वाद, योजकों, विपणन रणनीतियों और धोखाधड़ीपूर्ण उत्पादों के माध्यम से तंबाकू उद्योग के षड्यंत्र को उजागर करें रखी गई हैं।

मीडिया को इस थीम के अनुसार युवा पीढ़ी को तम्बाकू से बचाने का प्रयास करना चाहिए। कार्यशाला को डॉ. राकेश गुप्ता ने कहा की युवाओं को तंबाकू से 'ना' कहने के लिए सशक्त बनाएं। भारत में युवाओं की जनसंख्या देश की सबसे बड़ी शक्ति है। लेकिन तंबाकू उद्योग इसी शक्ति को अपने सबसे बड़े उपभोक्ता वर्ग में बदलने की कोशिश कर रहा है।

## ज़ी सिनेमा पर होगा 'पुष्पा 2: द रूल' का ज़बर्दस्त वर्ल्ड टेलीविज़न प्रीमियर ... और इस बार सीधे पुष्पा ने भेजा न्यौता!

मुंबई, 29 मई (वेब वार्ता)। पुष्पा का क्रेज़ एक बार फिर लौट आया है। और इस बार यह पहले से कहीं ज़्यादा धमाकेदार, दमदार और सीधा आपके टेलीविज़न स्क्रीन तक पहुंचने वाला है। 'पुष्पा 2 : द रूल' का वर्ल्ड टेलीविज़न प्रीमियर हो रहा है शनिवार, 31 मई को, शाम 7:30 बजे, सिर्फ़ ज़ी सिनेमा पर। और इस फिल्म के बड़े स्केल से मेल खाते हुए, चैनल ने एक शानदार प्रमोशनल कैंपेन भी तैयार किया है, जो उतना ही भव्य है, जितनी भव्य यह फिल्म है। इस बार ज़ी सिनेमा दर्शकों को पुष्पा के और भी करीब ला रहा है, ऐसे खास प्रोमो के ज़रिए, जिनमें पुष्पा खुद दर्शकों से अपील कर रहा है कि वो अपने पूरे परिवार के साथ बैठकर इस प्रीमियर को देखें। ये प्रोमो सिर्फ़ रिमाइंडर नहीं हैं - बल्कि साल के सबसे आइकॉनिक किरदार की तरफ से एक पर्सनल इन्विटेशन भी है।

इस एक्सपीरियंस को असली और दमदार बनाए रखने के लिए, फिल्म के हिंदी वर्शन में पुष्पा को आवाज़ देने वाले श्रेयस तलपडे ने इन प्रोमो में भी अपनी आवाज़ दी है। उनका जोशीला और जाना-पहचाना अंदाज़ दर्शकों को पहले ही फिल्म की झलक दे देता है और टेलीविज़न पर पुष्पा का असली




अंदाज भी साथ लाता है। हिंदी के साथ-साथ चैनल ने खास मराठी प्रोमो भी लॉन्च किए हैं, जो महाराष्ट्र के प्रमुख क्षेत्रों के दर्शकों से सीधे जुड़ते हैं और इस कैंपेन को एक गहरा, रीजनल टच देते हैं।

फिल्म और इस अनोखे प्रमोशन को लेकर श्रेयस तलपडे ने कहा,? 卐पुष्पा अब सिर्फ एक फिल्म नहीं रही, यह एक फेनोमेनन बन चुका है, जिसने पूरे देश का दिल जीत लिया है। इसका आम लोगों से जो कनेक्शन है और जो एनर्जी है, वो बेमिसाल है। जब ज़ी सिनेमा ने मुझसे यह आइडिया शेयर किया कि पुष्पा खुद दर्शकों से सीधे बात करे और उन्हें प्रीमियर देखने के लिए बुलाए, तो यह उस दुनिया का एक नेचुरल एक्सटेंशन लगा। इन प्रोमो को वॉइस देना बड़ा मज़ेदार रहा। ये सीधे, पावरफुल अंदाज़ में दर्शकों को जोड़ते हैं। यह दर्शकों की उत्सुकता बढ़ाने और पूरे परिवार को एक साथ स्क्रीन के सामने लाने का एक ज़बर्दस्त तरीका है, और मैं इसका हिस्सा बनकर बहुत एक्साइटेड हूं।

यह कैंपेन सिर्फ़ टीवी तक सीमित नहीं है। ज़ी सिनेमा पुष्पा की आवाज़ को देश की गलियों तक ले जा रहा है। ग्राउंड लेवल पर एक ज़बर्दस्त कैंपेन के ज़रिए यह अनुभव हर किसी को जोड़ने वाला है, ताकि 'पुष्पा 2: द रूल' का यह टेलीविज़न प्रीमियर एक ऐसा सेलिब्रेशन बन जाए जिसमें पूरा देश शामिल हो।

# जयपुर में इंजीनियरिंग स्टूडेंट ने किया सुसाइड

लिखा- मां मुझे माफ करना, काबिल बेटा नहीं बन पाया, लालच में आ गया

जयपुर, 29 मई (का.सं.)। जयपुर में एक इंजीनियरिंग स्टूडेंट ने जहर खाकर होटल में सुसाइड कर लिया। होटल स्टाफ रूम में चाय देने पहुंचा तो दरवाजा नहीं खुला। मैनेजर को सूचना देने के बाद दूसरी चाबी से दरवाजा खोला गया। युवक का शव जमीन पर पड़ा था। मौके पर सुसाइड नोट भी मिला है। सुसाइड नोट में लिखा है कि मां मुझे माफ करना, मैं आपका काबिल बेटा नहीं बन पाया। मैं किसी के लालच में आ गया था। 4 लाख रुपए उन लोगों को ट्रांसफर कर दिए।



विधायकपुरी थाना सीआई बीएल मीणा ने बताया- होटल चूरू से सुबह कॉल आया कि उनके होटल में रुके हुए एक युवक ने सुसाइड कर लिया है। उसका शव कमरे में पड़ा हुआ है। इसके बाद पुलिस टीम को मौके पर भेजा गया। पुलिस टीम को मौके से सुसाइड नोट, युवक के कपड़े, मोबाइल मिले।

**मृतक बिहार का रहने वाला है**

युवक की पहचान सत्यम कुमार सिंह पुत्र सत्येन्द्र किशोर सिंह निवासी मोतिहारी पूर्वी चम्पारण (बिहार) के रूप में हुई। युवक जयपुर में स्थित जगन्नाथ यूनिवर्सिटी में बीटेक सेकेंड ईयर का छात्र है। युवक के पास से एक सुसाइड नोट मिला है।

**परिवार के जयपुर आने के बाद होगी जांच**

मृतक के परिवार को घटना की जानकारी दे दी हैं। शव को एसएमएस अस्पताल की मॉर्चरी में रखवा दिया गया है। शुक्रवार को परिजनों के आने के बाद मेडिकल बोर्ड से शव का पोस्टमार्टम किया जाएगा। परिवार से अगर कोई रिपोर्ट पुलिस को मिलती है तो रिपोर्ट लेकर एफआईआर दर्ज कर जांच की जाएगी। युवक ने जहर खाकर अपनी जान दी है।

## कलेक्शन एजेंट से लूटे 4.67 लाख

जयपुर, 29 मई (का.सं.)। जयपुर में सांगानेर सदर थाना क्षेत्र के वाटिका कस्बे में लाखना रोड पर कार सवार बदमाशों ने एक कलेक्शन एजेंट से मारपीट कर 4.67 लाख रुपए लूट लिए। पीड़ित शिव शक्ति विहार निवासी राजेंद्र प्रसाद गुप्ता ने थाने में मामला दर्ज कराया है।

पुलिस के अनुसार, गुप्ता मुहाना अनाज मंडी स्थित सुनिल कैटल फीड्स में मुनीम हैं। 28 मई को वह वाटिका में कलेक्शन के लिए गए थे।

# शेखावाटी की हवेलियों के संरक्षण एवं जीर्णोद्धार के लिए बायलॉज में भी परिवर्तन किया जाना हो तो करें: दिया कुमारी



जयपुर, 29 मई (का.सं.)। उपमुख्यमंत्री एवं पर्यटन मंत्री दिया कुमारी की अध्यक्षता में शेखावाटी की हवेलियों के संरक्षण एवं जीर्णोद्धार के संबंध में गुरुवार को शासन सचिवालय स्थित उपमुख्यमंत्री कार्यालय के सभागार में बैठक आयोजित की गई।

उपमुख्यमंत्री ने इस अवसर पर निर्देश दिए कि शेखावाटी की हवेलियों के संरक्षण एवं जीर्णोद्धार के लिए बायलॉज में भी परिवर्तन किया जाना हो तो वह किया जाए। दिया कुमारी ने निर्देश दिए कि झुंझुनू जिले में 267 हवेलियों, सीकर जिले में 268 हवेलियों और चूरू जिले में 113 हवेलियों की पहचान की गई है। इनका एक सम्पूर्ण दस्तावेज तैयार किया जाए। उन्होंने कहा कि उक्त हवेलियों के वास्तविक स्वामित्व के समस्त तथ्य जुटाकर सीकर, झूंझनू और चूरू जिलों के कलेक्टर एक फाइनल दस्तावेज तैयार करें। इसमें हवेलियों की वर्तमान स्थिति के फोटोज भी संलग्न किए जाए। इसके साथ ही इन हवेलियों पर किसी भी तरह का कोई अतिक्रमण न हो इसके लिए तीनों जिला कलेक्टर विजिलेन्ट रहें। बैठक में प्रमुख शासन सचिव स्वायत्त शासन श्री राजेश कुमार यादव, पर्यटन विभाग के अतिरिक्त निदेशक श्री आनंद त्रिपाठी, पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग निदेशक श्री पंकज धरेन्द्र, पर्यटन विभाग के संयुक्त निदेशक (विकास) श्री राजेश शर्मा उपस्थित रहे। वहीं, बैठक में झुंझुनू, चूरू और सीकर जिला कलेक्टर भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। इसके साथ ही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इस क्षेत्र में कार्य कर रही विषय विशेषज्ञ भी जुड़ी।

# वायु सेना प्रमुख ने रक्षा परियोजनाओं में लगातार देरी पर फिर जताई गंभीर चिंता

नौसेना प्रमुख ने कहा, बदलते युद्ध स्वरूप पर हर दिन नई तकनीक की खोज करना देश की जरूरत

नई दिल्ली, 29 मई (वेब वार्ता)। वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर को राष्ट्रीय विजय बताते हुए एक बार फिर रक्षा परियोजनाओं में लगातार हो रही देरी पर गंभीर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि दुनिया की मौजूदा स्थिति ने हमें एहसास दिलाया है कि आत्मनिर्भरता ही एकमात्र समाधान है, हमें अभी से भविष्य के लिए तैयार रहना होगा। नौसेना प्रमुख ने भी कहा कि युद्ध का स्वरूप बदल रहा है। हर दिन हम नई तकनीकें खोज रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर ने हमें यह स्पष्ट रूप से बताया है कि हम किस दिशा में जा रहे हैं और भविष्य में हमें क्या चाहिए।

वायु सेना और नौसेना के प्रमुख ने गुरुवार को भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में कई तरह की चिंताएं जताईं। वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह ने कहा कि एक ऐसा समय था, जब हमें भारतीय उद्योग पर हमेशा संदेह रहता था इसलिए हम बाहर की ओर अधिक देखते थे लेकिन पिछले एक दशक से अधिक समय में चीजें काफी बदल गई हैं। अब दुनिया की मौजूदा स्थिति ने हमें एहसास दिलाया है कि आत्मनिर्भरता ही एकमात्र समाधान है, हमें अभी से भविष्य के लिए तैयार रहना होगा।

वायु सेना प्रमुख ने कहा कि समयसीमा एक बड़ा मुद्दा है। एक भी रक्षा परियोजना समय पर पूरी नहीं हुई है। इसलिए हमें इस पर गौर करना होगा। अनुबंध पर हस्ताक्षर करते समय हम ऐसा वादा क्यों करें, जो पूरा नहीं हो सकता? अनुबंध पर हस्ताक्षर करते समय कभी-कभी हमें यकीन होता है कि यह पूरा नहीं होने वाला है, लेकिन हम सिर्फ अनुबंध पर हस्ताक्षर करते हैं। फिर प्रक्रिया खराब हो जाती है। उन्होंने रक्षा परियोजनाओं में लगातार हो रही देरी पर गंभीर चिंता जताते हुए अवास्तविक समय सीमा के प्रणालीगत मुद्दे और परिचालन तत्परता पर उनके प्रभाव को उजागर किया। ऑपरेशन सिंदूर के बाद सशस्त्र बलों में बढ़ी आत्मनिर्भरता का उल्लेख करते हुए कहा कि हमें भारत में ही डिजाइनिंग और विकास कार्य शुरू करने की आवश्यकता है।

एयर चीफ ने ऑपरेशन सिंदूर को राष्ट्रीय जीत के रूप में भी सराहते हुए इस ऑपरेशन की सफलता को सशस्त्र बलों, एजेंसियों और आतंकवाद से निपटने में प्रत्येक भारतीय नागरिक के सामूहिक प्रयासों का प्रमाण बताया। अपने संबोधन के दौरान एयर चीफ मार्शल ने बताया कि कैसे ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंकवादी शिविरों पर सटीक हमला किया गया था, जिसने उन्नत तकनीकों के एकीकरण के साथ युद्ध की उभरती प्रकृति को प्रदर्शित किया, जिससे भविष्य की रक्षा रणनीतियों के लिए एक स्पष्ट दिशा मिली।

# ज्ञानेश कुमार के सीईसी रहते हुए 100 दिन पूरे, 21 नई पहलों की घोषणा

नई दिल्ली, 29 मई (वेब वार्ता)। मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) के तौर पर ज्ञानेश कुमार को कार्यभार संभाले हुए 100 दिन हो गए हैं। चुनाव आयोग (ईसीआई) ने 26वें सीईसी के नेतृत्व में इस दौरान चुनावी प्रक्रिया को मजबूत करने और मतदाता सुविधा को बढ़ाने के लिए 21 नई पहलें शुरू की हैं। इनका उद्देश्य चुनाव प्रबंधन को सरल बनाना और मतदाता अनुभव को बेहतर करना है।

चुनाव आयोग का कहना है कि सीईसी ज्ञानेश कुमार के कार्यभार ग्रहण करने के बाद से पहले 100 दिनों में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। चुनाव आयोग ने मतदान केंद्रों पर अधिकतम मतदाताओं की संख्या 1,500 से घटाकर 1,200 कर दी है। घनी आबादी वाले क्षेत्रों, जैसे गेटेड समुदायों और ऊंची इमारतों में अतिरिक्त मतदान बूथ स्थापित किए जाएंगे। आयोग का लक्ष्य है कि कोई भी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए 2 किलोमीटर से अधिक यात्रा न करे।

मतदाता सूचना स्लिप को स्पष्टता के लिए फिर से डिज़ाइन किया गया है। इसमें क्रमांक और भाग संख्या की दृश्यता को बढ़ाया गया है। मतदाताओं की सुविधा के लिए हर मतदान केंद्र के प्रवेश द्वार पर मोबाइल जमा सुविधा स्थापित की जाएगी। अब उम्मीदवारों द्वारा सेटअप किए गए बूथ मतदान केंद्र के प्रवेश से 100 मीटर के दायरे के ठीक बाद भी स्थापित किए जा सकेंगे। सरल उपयोगकर्ता इंटरफेस के लिए एक नया एकीकृत डैशबोर्ड- ईसीआईनेट विकसित किया गया है। इसका उद्देश्य सभी हितधारकों के लिए सभी सेवाओं को एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना है। कुछ मॉड्यूल वर्तमान उपचुनावों में उपलब्ध होंगे और बिहार विधानसभा चुनाव के समय पूरा डैशबोर्ड विभिन्न हितधारकों के लिए उपलब्ध होगा।


**स्पंदना स्फूर्ति फाइनेंशियल लिमिटेड**

(CIN: L65929TG2003PLC040648)

SPANDANA गैलेक्सी, विंग बी, 16वीं मंजिल, प्लॉट नंबर 1, एसवाई नंबर 83/1, हैदराबाद नॉलेज सिटी, टीएसआईआईसी, रायदुर्ग पनमकथा, हैदराबाद रंगारेड्डी, तेलंगाना- 500081

**सार्वजनिक सूचना**

यह आम जनता और विशेष रूप से ग्राहकों को सूचित करने के लिए है कि हमारे ग्राहकों की सुविधा के लिए कृपया किसी भी सेवा का लाभ उठाने के लिए हमारी वैकल्पिक शाखा से संपर्क करें

| | |
|---|---|
| 1. पुरानी शाखा बनने वाली शाखा का नाम और पता | सज्जनगढ़ (आरजे3603), ग्राउंड फ्लोर, टांड मंगला, कुशलगढ़, सज्जनगढ़, बांसवाड़ा, राजस्थान-327602 |
| 2. वैकल्पिक शाखा का नाम और पता (विलय के बाद भी शाखा अस्तित्व में रहेगी) | बागीदौरा (आरजे2846), ग्राउंड फ्लोर, नोगामा रोड, सूर्योदय कॉलेज के पास, बागीदौरा, बांसवाड़ा, राजस्थान 327601 |
| समापन/विलय की तिथि | 30.05.2025 |

यह स्पष्ट किया जाता है कि कंपनी द्वारा यह सुनिश्चित करने के लिए उचित सावधानी बरती जा रही है कि ग्राहकों को वैकल्पिक शाखा में स्थानांतरित करने की प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। सभी संबंधित ग्राहकों के माइक्रोफाइनेंस ऋण खातों को निर्बाध रूप से नामित शाखा (अर्थात, क्रम संख्या 2 में उल्लिखित शाखा) में स्थानांतरित कर दिया जाएगा। ग्राहकों से अनुरोध है कि कृपया उपरोक्त परिवर्तनों पर ध्यान दें, जो 30-05-2025 से प्रभावी होंगे। किसी भी अतिरिक्त स्पष्टीकरण की आवश्यकता होने पर और/या किसी कठिनाई की स्थिति में, ग्राहक शाखा प्रबंधक या शाखा या मुख्यालय के अधिकारियों से **टोल फ्री नंबर 1800-120-5519 / ईमेल आईडी** - css@spandansphoorty.com पर संपर्क कर सकते हैं।

एसडी/-
स्थान: सज्जनगढ़ प्राधिकृत अधिकारी
दिनांक: 30.05.2025 स्पंदना स्फूर्ति फाइनेंशियल लिमिटेड

**स्पंदना स्फूर्ति फाइनेंशियल लिमिटेड**

(CIN: L65929TG2003PLC040648)

SPANDANA गैलेक्सी, विंग बी, 16वीं मंजिल, प्लॉट नंबर 1, एसवाई नंबर 83/1, हैदराबाद नॉलेज सिटी, टीएसआईआईसी, रायदुर्ग पनमकथा, हैदराबाद रंगारेड्डी, तेलंगाना- 500081

**सार्वजनिक सूचना**

यह आम जनता और विशेष रूप से ग्राहकों को सूचित करने के लिए है कि हमारे ग्राहकों की सुविधा के लिए कृपया किसी भी सेवा का लाभ उठाने के लिए हमारी वैकल्पिक शाखा से संपर्क करें

| | |
|---|---|
| 1. पुरानी शाखा बनने वाली शाखा का नाम और पता | चंद्रवाड़ा (आरजे3643), ग्राउंड फ्लोर, बागीदौरा रोड, नाहरपुरा, बागीदौरा, चंद्रवाड़ा, बांसवाड़ा, राजस्थान-327031 |
| 2. वैकल्पिक शाखा का नाम और पता (विलय के बाद भी शाखा अस्तित्व में रहेगी) | आनंदपुरी (आरजे3089), ग्राउंड फ्लोर, बागीदौरा-स्टेंटरामपुर रोड, अटेलिया पाड़ा मेन रोड, आनंदपुरी, बागीदौरा, बांसवाड़ा, राजस्थान-327031 |
| समापन/विलय की तिथि | 30.05.2025 |

यह स्पष्ट किया जाता है कि कंपनी द्वारा यह सुनिश्चित करने के लिए उचित सावधानी बरती जा रही है कि ग्राहकों को वैकल्पिक शाखा में स्थानांतरित करने की प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। सभी संबंधित ग्राहकों के माइक्रोफाइनेंस ऋण खातों को निर्बाध रूप से नामित शाखा (अर्थात, क्रम संख्या 2 में उल्लिखित शाखा) में स्थानांतरित कर दिया जाएगा। ग्राहकों से अनुरोध है कि कृपया उपरोक्त परिवर्तनों पर ध्यान दें, जो 30-05-2025 से प्रभावी होंगे। किसी भी अतिरिक्त स्पष्टीकरण की आवश्यकता होने पर और/या किसी कठिनाई की स्थिति में, ग्राहक शाखा प्रबंधक या शाखा या मुख्यालय के अधिकारियों से **टोल फ्री नंबर 1800-120-5519 / ईमेल आईडी** - css@spandansphoorty.com पर संपर्क कर सकते हैं।

स्थान: चंद्रवारा प्राधिकृत अधिकारी
दिनांक: 30.05.2025 स्पंदना स्फूर्ति फाइनेंशियल लिमिटेड

**स्पंदना स्फूर्ति फाइनेंशियल लिमिटेड**

(CIN: L65929TG2003PLC040648)

SPANDANA गैलेक्सी, विंग बी, 16वीं मंजिल, प्लॉट नंबर 1, एसवाई नंबर 83/1, हैदराबाद नॉलेज सिटी, टीएसआईआईसी, रायदुर्ग पनमकथा, हैदराबाद रंगारेड्डी, तेलंगाना- 500081

**सार्वजनिक सूचना**

यह आम जनता और विशेष रूप से ग्राहकों को सूचित करने के लिए है कि हमारे ग्राहकों की सुविधा के लिए कृपया किसी भी सेवा का लाभ उठाने के लिए हमारी वैकल्पिक शाखा से संपर्क करें

| | |
|---|---|
| 1. पुरानी शाखा बनने वाली शाखा का नाम और पता | कानोता (आरजे3396), ग्राउंड फ्लोर, मकान नंबर-05, सरदार सिंह नगर, आगरा रोड, कानोता, जयपुर, राजस्थान-303012 |
| 2. वैकल्पिक शाखा का नाम और पता (विलय के बाद भी शाखा अस्तित्व में रहेगी) | प्रताप नगर (आरजे3394), ग्राउंड फ्लोर, 185/197, सेक्टर 18, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर राजस्थान 302033 |
| समापन/विलय की तिथि | 30.05.2025 |

यह स्पष्ट किया जाता है कि कंपनी द्वारा यह सुनिश्चित करने के लिए उचित सावधानी बरती जा रही है कि ग्राहकों को वैकल्पिक शाखा में स्थानांतरित करने की प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। सभी संबंधित ग्राहकों के माइक्रोफाइनेंस ऋण खातों को निर्बाध रूप से नामित शाखा (अर्थात, क्रम संख्या 2 में उल्लिखित शाखा) में स्थानांतरित कर दिया जाएगा। ग्राहकों से अनुरोध है कि कृपया उपरोक्त परिवर्तनों पर ध्यान दें, जो 30-05-2025 से प्रभावी होंगे। किसी भी अतिरिक्त स्पष्टीकरण की आवश्यकता होने पर और/या किसी कठिनाई की स्थिति में, ग्राहक शाखा प्रबंधक या शाखा या मुख्यालय के अधिकारियों से **टोल फ्री नंबर 1800-120-5519 / ईमेल आईडी** - css@spandansphoorty.com पर संपर्क कर सकते हैं।

एसडी/-
स्थान: कानोता प्राधिकृत अधिकारी
दिनांक: 30.05.2025 स्पंदना स्फूर्ति फाइनेंशियल लिमिटेड


# सिंदूर के नाम पर सियासत कर रही है भाजपा: कांग्रेस

नई दिल्ली, 29 मई (वेब वार्ता)। कांग्रेस की प्रवक्ता रागिनी नायक ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने सिंदूर दिखाया। उन्होंने कहा, मेरे हाथ और मांग में सिंदूर है। इसका भारतीय महिला के लिए क्या महत्व है ये मैं बीजेपी के नेता को बताना चाहती हूं। सुहाग का, प्रेम का, सात जन्मों के साथ का। सुहाग की रक्षा के लिए, सिंदूर भारतीय नारी की आन - शान है। इसी के साथ कांग्रेस प्रवक्ता ने बीजेपी पर अटैक करते हुए कहा, अपनी राजनीतिक और कुटनीतिक विफलता को छिपाने के लिए बीजेपी सिंदूर को ढाल बनाने जा रही है।

दरअसल, ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को मोदी सरकार घर-घर तक पहुंचाने की तैयारी कर रही है। इसी के तहत महिलाओं को तोहफे के रूप में सिंदूर दिया जाएगा। बीजेपी के सीनियर नेता ने बताया कि 9 जून से बीजेपी के कार्यकर्ता महिलाओं को घर-घर जाकर सिंदूर बांटेंगे। बीजेपी के सीनियर नेता ने बताया कि 9 जून से इसकी शुरुआत होगी। इसी दिन नरेंद्र मोदी ने बतौर देश के पीएम तीसरी बार शपथ ली थी। कांग्रेस ने बीजेपी के इस अभियान पर अटैक करते हुए कहा, बीजेपी घर-घर जाकर सिंदूर वितरण कार्यक्रम करने जा रही है। अपने लिए पुष्पवर्षा करवाते हैं। सोफिया कुरैशी के परिवार से अपने ऊपर पुष्पवर्षा करवाते हैं मोदी जी।



कांग्रेस ने कहा, इसको लेकर हमारे तीन सवाल है

पराए आदमी के जरिए दिया गया ये सिंदूर किसके काम आएगा? और किसके लिए काम आएगा? भारतीय नारी को तो सिंदूर पति और ससुराल से मिलता है। ये सिंदूर जो बाटेंगे उस पर भी मोदी जी की तस्वीर छपी होगी। किस मुंह से बीजेपी और आरएसएस के नेता घर-घर जाएंगे, किस मुंह से बांटेंगे। जब मारे गए लोगों की पत्नियां और परिवार ये पूछ रहे हैं कि पहलगाम हमले में शामिल आतंकी कब मारे जाएंगे। बीजेपी के जो नेता सवाल उठा रहे है उनको बरखास्त तक नहीं किया गया तो फिर किस मुंह से लोगों के पास जाएंगे। कोविड-19 के दौरान जो लोग मरे हैं उनकी पत्नियों को भी बीजेपी वाले क्या सिंदूर देने जाएंगे। जिन 3 काले कानून के विरोध प्रदर्शन के दौरान किसानों की जान चली गई उनकी पत्नियों को भी बीजेपी वाले क्या सिंदूर देने जाएंगे। मजदूर जो मर रहे है उनका क्या? बेरोजगारी के कारण जो लोग रोजाना आत्महत्या कर रहे हैं उनकी पत्नियों को भी सिंदूर देने जाएंगे?

पहलगाम के नाम पर वोट बंटोरे जाएंगे

कांग्रेस प्रवक्ता ने बीजेपी पर सवाल दागते हुए पूछा, बीजेपी के विधायक आर एस पठानिया ने विवादित बयान दिया है कि वायु सेना नालायक है। वायु सेना सो रही थी। इस पर मोदी जी चुप क्यों है। सांप सूंघ गया है मोदी जी को। जब जरूरत है तो पुलवामा और पहलगाम के नाम पर वोट बंटोरे जाएंगे। रागिनी नायक ने आगे कहा, एक चुटकी सिंदूर की कीमत तुम क्या जानो मोदी बाबू। सिंदूर का स्वरूप और उसका रंग भारत के अलग-अलग प्रांतों में अलग हो सकता है, लेकिन एक भारतीय सनातनी विवाहित महिला के लिए सिंदूर का क्या महत्व है और इसकी क्या पहचान है- मैं बीजेपी और संघ के लोगों को समझाना चाहती हूं।

## लोकमाता अहिल्याबाई होलकर सभी युद्धों में विजयी रहीं: बीएल संतोष

***बीएल संतोष ने किया लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की प्रदर्शनी का उद्घाटन***

लखनऊ, 29 मई (वेब वार्ता)। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बीएल संतोष और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरूवार को लखनऊ के जीपीओ पार्क में लगी लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। प्रदर्शनी में पुण्यश्लोक अहिल्याबाई के जीवन के विविध पहलुओं को उजागर किया गया है। इस अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बीएल संतोष ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होलकर सभी युद्धों में विजयी रहीं।

## यूपी: ऑस्ट्रेलिया की मोनाश यूनिवर्सिटी के साथ एमओयू, शोध-अनुसंधान के लिए शिक्षकों-छात्रों को मिलेगा वैश्विक मंच

लखनऊ, 29 मई (वेब वार्ता)। उत्तर प्रदेश की शिक्षा प्रणाली को वैश्विक उत्कृष्टता से जोड़ते हुए गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में एक ऐतिहासिक क्षण दर्ज हुआ, जब राज्य सरकार और ऑस्ट्रेलिया की प्रतिष्ठित मोनाश यूनिवर्सिटी के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। यह एमओयू प्रदेश के बेसिक, माध्यमिक और उच्च शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत छात्रों एवं अध्यापनरत शिक्षकों के लिए शोध-अनुसंधान, प्रशिक्षण एवं तकनीकी सहयोग के माध्यम से शिक्षा की गुणवत्ता को एक नई ऊंचाई देगा।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार शिक्षा को केवल डिग्री अर्जन का माध्यम नहीं, बल्कि राज्य के समग्र विकास की धुरी मानती है। उन्होंने कहा कि यह साझेदारी राज्य के शिक्षा तंत्र में गुणवत्ता, नवाचार और वैश्विक दृष्टिकोण का समावेश करेगी और युवाओं को विश्वस्तरीय प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करने में सहायक सिद्ध होगी। उन्होंने इस एमओयू को नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की भावना के अनुरूप बताते हुए कहा कि यह बहुआयामी अधिगम, कौशल विकास और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को गति देगा।

उन्होंने वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी के साथ प्रदेश की पूर्व सहभागिता का उल्लेख करते हुए कहा कि अब मोनाश यूनिवर्सिटी के साथ यह गठबंधन शिक्षा के वैश्विक मानकों की ओर एक और बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि इस सहयोग का केंद्र गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय होगा, जो इस साझेदारी को धरातल पर उतारने में अहम भूमिका निभाएगा। मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालय के कुलपति को इस उत्तरदायित्व का सफल निर्वहन सुनिश्चित करने का निर्देश भी दिया। सीएम योगी ने भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि हमारे वैदिक ऋषियों ने 'आ नो भद्रा: क्रतवो यन्तु विश्वत:' का आह्वान किया था, अर्थात विश्व के सभी दिशाओं से शुभ विचार हमारे पास आएं।


**सार्वजनिक सूचना**

**प्रपत्र "सी"**

**दिवाला और ऋणशोध अक्षमता (कार्पोरेट देनदारों के लिए व्यक्तिगत गारंटर के लिए ऋणशोध अक्षमता प्रक्रिया के लिए न्यायनिर्णयन प्राधिकरण को आवेदन) नियमावली, 2019 के नियम 9(1) के तहत,**

**श्रीमति कनक बियानी (सागा ऑटोमोटिव इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के निजी गारंटर) के लेनदारों के ध्यानार्थ**

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि माननीय राष्ट्रीय कम्पनी विधि न्यायाधिकरण ने दिनांक 26.05.2025 को श्रीमति कनक बियानी निवासी 803, ब्लॉक बी गुमन इटरनिटी, सुभाष नगर, जयपुर-302032 के विरुद्ध ऋणशोध अक्षमता प्रक्रिया आरंभ करने का आदेश दिया है।

एतद्द्वारा श्रीमति कनक बियानी के लेनदारों से अनुरोध है कि वे अपने दावे 06.06.2025 को या उससे पहले ऋणशोध अक्षमता ट्रस्टी संदीप महाजन, कार्यालय पता : 409 अंसल भवन 16, के.जी. मार्ग, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली-110001 के पास प्रमाण सहित प्रस्तुत करें।

लेनदारों के दावे प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 06.06.2025 होगी। लेनदार अपना दावा इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से, अथवा दस्ती अथवा पंजीकृत डाक अथवा स्पीड पोस्ट अथवा कुरियर द्वारा प्रस्तुत कर सकते हैं।

| ऋणशोध अक्षमता ट्रस्टी का विवरण | | |
|---|---|---|
| 1. | ऋणशोध अक्षमता ट्रस्टी का नाम और पंजीकरण संख्या | श्री संदीप महाजन IBBI/IPA-001/IP-P00991/2017-2018/11631 एएफए वैधता : 31.12.2025 तक |
| 2. | ऋणशोध अक्षमता ट्रस्टी का पता, ई-मेल आईडी और फोन नं., जो आईबीबीआई के साथ पंजीकृत है | पता : सी2/288, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058, फोन नं. 9810020531 ईमेल : sandeep8mahajan@gmail.com |
| 3. | ऋणशोध अक्षमता ट्रस्टी के साथ पत्राचार के लिए उपयोग किया जाने वाला पता, ई-मेल आईडी और फोन नं. | पता : 409, अंसल भवन 16, के.जी. मार्ग, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली-110001, ईमेल : pg.saga260525@outlook.com /insolvency@arck.in फोन : 011-45101111/40078344 |

नोट : फर्जी या भ्रामक दावे प्रस्तुत करने पर दिवाला एवं ऋणशोध अक्षमता संहिता, 2016 अथवा किसी अन्य लागू कानून के प्रावधानों के अनुसार दंड लगाया जाएगा।

(हस्ता./-) संदीप महाजन
दिनांक : 30.05.2025 स्थान : जयपुर ऋणशोध अक्षमता ट्रस्टी

**सार्वजनिक सूचना**

**प्रपत्र "सी"**

**दिवाला और ऋणशोध अक्षमता (कार्पोरेट देनदारों के लिए व्यक्तिगत गारंटर के लिए ऋणशोध अक्षमता प्रक्रिया के लिए न्यायनिर्णयन प्राधिकरण को आवेदन) नियमावली, 2019 के नियम 9(1) के तहत,**

**श्री राम स्वरूप बियानी (सागा ऑटोमोटिव इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के निजी गारंटर) के लेनदारों के ध्यानार्थ**

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि माननीय राष्ट्रीय कम्पनी विधि न्यायाधिकरण ने दिनांक 26.05.2025 को श्री राम स्वरूप बियानी निवासी 803, ब्लॉक बी गुमन इटरनिटी, सुभाष नगर, जयपुर-302032 के विरुद्ध ऋणशोध अक्षमता प्रक्रिया आरंभ करने का आदेश दिया है।

एतद्द्वारा श्री राम स्वरूप बियानी के लेनदारों से अनुरोध है कि वे अपने दावे 06.06.2025 को या उससे पहले ऋणशोध अक्षमता ट्रस्टी संदीप महाजन, कार्यालय पता : 409 अंसल भवन 16, के.जी. मार्ग, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली-110001 के पास प्रमाण सहित प्रस्तुत करें।

लेनदारों के दावे प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 06.06.2025 होगी। लेनदार अपना दावा इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से, अथवा दस्ती अथवा पंजीकृत डाक अथवा स्पीड पोस्ट अथवा कुरियर द्वारा प्रस्तुत कर सकते हैं।

| ऋणशोध अक्षमता ट्रस्टी का विवरण | | |
|---|---|---|
| 1. | ऋणशोध अक्षमता ट्रस्टी का नाम और पंजीकरण संख्या | श्री संदीप महाजन IBBI/IPA-001/IP-P00991/2017-2018/11631 एएफए वैधता : 31.12.2025 तक |
| 2. | ऋणशोध अक्षमता ट्रस्टी का पता, ई-मेल आईडी और फोन नं., जो आईबीबीआई के साथ पंजीकृत है | पता : सी2/288, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058, फोन नं. 9810020531 ईमेल : sandeep8mahajan@gmail.com |
| 3. | ऋणशोध अक्षमता ट्रस्टी के साथ पत्राचार के लिए उपयोग किया जाने वाला पता, ई-मेल आईडी और फोन नं. | पता : 409, अंसल भवन 16, के.जी. मार्ग, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली-110001, ईमेल : pg.saga260525@outlook.com /insolvency@arck.in फोन : 011-45101111/40078344 |

नोट : फर्जी या भ्रामक दावे प्रस्तुत करने पर दिवाला एवं ऋणशोध अक्षमता संहिता, 2016 अथवा किसी अन्य लागू कानून के प्रावधानों के अनुसार दंड लगाया जाएगा।

(हस्ता./-) संदीप महाजन
दिनांक : 30.05.2025 स्थान : जयपुर ऋणशोध अक्षमता ट्रस्टी

**सार्वजनिक सूचना**

**प्रपत्र "सी"**

**दिवाला और ऋणशोध अक्षमता (कार्पोरेट देनदारों के लिए व्यक्तिगत गारंटर के लिए ऋणशोध अक्षमता प्रक्रिया के लिए न्यायनिर्णयन प्राधिकरण को आवेदन) नियमावली, 2019 के नियम 9(1) के तहत,**

**श्री संजय माहेश्वरी (सागा ऑटोमोटिव इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के निजी गारंटर) के लेनदारों के ध्यानार्थ**

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि माननीय राष्ट्रीय कम्पनी विधि न्यायाधिकरण ने दिनांक 26.05.2025 को श्री संजय महेश्वरी निवासी 803, ब्लॉक बी गुमन इटरनिटी, सुभाष नगर, जयपुर-302032 के विरुद्ध ऋणशोध अक्षमता प्रक्रिया आरंभ करने का आदेश दिया है।

एतद्द्वारा श्री संजय महेश्वरी के लेनदारों से अनुरोध है कि वे अपने दावे 06.06.2025 को या उससे पहले ऋणशोध अक्षमता ट्रस्टी संदीप महाजन, कार्यालय पता : 409 अंसल भवन 16, के.जी. मार्ग, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली-110001 के पास प्रमाण सहित प्रस्तुत करें।

लेनदारों के दावे प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 06.06.2025 होगी। लेनदार अपना दावा इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से, अथवा दस्ती अथवा पंजीकृत डाक अथवा स्पीड पोस्ट अथवा कुरियर द्वारा प्रस्तुत कर सकते हैं।

| ऋणशोध अक्षमता ट्रस्टी का विवरण | | |
|---|---|---|
| 1. | ऋणशोध अक्षमता ट्रस्टी का नाम और पंजीकरण संख्या | श्री संदीप महाजन IBBI/IPA-001/IP-P00991/2017-2018/11631 एएफए वैधता : 31.12.2025 तक |
| 2. | ऋणशोध अक्षमता ट्रस्टी का पता, ई-मेल आईडी और फोन नं., जो आईबीबीआई के साथ पंजीकृत है | पता : सी2/288, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058, फोन नं. 9810020531 ईमेल : sandeep8mahajan@gmail.com |
| 3. | ऋणशोध अक्षमता ट्रस्टी के साथ पत्राचार के लिए उपयोग किया जाने वाला पता, ई-मेल आईडी और फोन नं. | पता : 409, अंसल भवन 16, के.जी. मार्ग, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली-110001, ईमेल : pg.saga260525@outlook.com /insolvency@arck.in फोन : 011-45101111/40078344 |

नोट : फर्जी या भ्रामक दावे प्रस्तुत करने पर दिवाला एवं ऋणशोध अक्षमता संहिता, 2016 अथवा किसी अन्य लागू कानून के प्रावधानों के अनुसार दंड लगाया जाएगा।

(हस्ता./-) संदीप महाजन
दिनांक : 30.05.2025 स्थान : जयपुर ऋणशोध अक्षमता ट्रस्टी

**फेडबैंक फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड. नीलामी सूचना**

यह आम जनता को सूचित करने के लिए है कि फेडबैंक फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड ने उन खातों (नीचे उल्लेखित) से संबंधित सोने के गहनों की नीलामी करने का निर्णय लिया है जो अतिदेय हो गए हैं या जिनमें ग्राहकों की चूक या मार्जिन भंग है। नीलामी नीचे निर्दिष्ट संबंधित शाखाओं में **मंगलवार 10-06-2025 को सुबह 10.00 बजे से 12.00 बजे के बीच** आयोजित की जाएगी। यह नीलामी प्रक्रिया समाप्त होने तक जारी रहेगा।

**फतेहपुर - जयपुर** 7340180846 **FEDGL0505**0001668, 0001682, 0001686, 0001694, 0001700, 0001711, 0001738, 0001912 **झोटवाड़ा** 8890149667 **FEDGL0494**0001478, 0001495, 0001496 **कालवाड़ रोड** 9610084678 **FEDGL**04410003387, 0003388, 0003443, **FEDDS0441**0000237 **मानसरोवर - जयपुर** 9829669341 **FEDGL0504**0001196, 0001250 **मुरलीपुरा** 7742052906 **FEDGL0442**0003065, 0003109, 0003110, 0003111, 0003134, 0003386 **नवलगढ़ - जयपुर** 6376877560 **FEDGL0506**0001466, 0001470, 0001475, 0001478, 0001483, 0001488, 0001499, 0001507, 0001522, 0001528 **रामगंज जयपुर** 8387049058 **FEDGL0480**0002296, 0002297, 0002535, 0002537 **सांगानेर** 8107757860 **FEDGL0493**0002654, 0002670, 0002724, 0002957 **सीकर** 9772634040 **FEDGL0421**0005069, 0005075, 0005080, 0005091, 0005115, 0005118, 0005121, 0005125, 0005133, 0005138, 0005149, 0005158, 0005161, 0005165, 0005168, 0005169, 0005173, 0005181, 0005188, 0005448, **FEDDS0421**0000426, 0000427, 0000433, 0000442, 0000443, **FEDBD0421**0000075 **वैशाली नगर** 9950931242 **FEDGL0440**0001758, 0001899

स्थान या तिथि में परिवर्तन, यदि कोई हो तो, हमारी वेबसाइट **www.fedfina.com** पर प्रदर्शित किया जाएगा। भाग लेने वाले सभी बोलीदाताओं को उनके द्वारा प्रस्तुत बोलियों को स्वीकार या अस्वीकार करने के संबंध में बाद में सूचित किया जाएगा। जो ग्राहक अपने गहने जारी करना चाहते हैं, वे उस आधार शाखा में जा सकते हैं जहां ग्राहक द्वारा गहने गिरवी रखे गए थे या लागू नियमों और शर्तों के अधीन 09-06-2025 को/या उससे पहले ऊपर बताए गए नंबर पर संपर्क करें।

नीलामी संबंधित शाखाओं में आयोजित की जाएगी, यदि किसी कारण से दी गई तिथि पर नीलामी पूरी नहीं होती है, तो उसके संबंध में नीलामी हमारी वेबसाइट पर विवरण प्रदर्शित करने के बाद जिला स्तर की शाखा में बाद के कार्य दिवसों में आयोजित की जाएगी। इस संबंध में कोई और संचार जारी नहीं किया जाएगा।

दिनांक : 30-05-2025 के लिए, एसडीएल- अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता
स्थान : राजस्थान फेडबैंक फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड


स्वत्वाधिकारी स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक युवराज सिंह के लिए सोनू वेब ऑफसेट, नींदड़ मोड़ के सामने, हरमाड़ा-सीकर रोड, जयपुर से मुद्रित व प्रकाशित किया जाता है। सम्पादक युवराज सिंह, पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किये गये विचारों से सम्पादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। न्यायालय सम्बन्धी सभी मामले जयपुर में निपटाये जायेगें। प्रकाशक की लिखित अनुमति के बिना पूर्णतः व आंशिक व पूर्ण प्रकाशन पूर्णतः प्रतिबन्धित है। सम्पादक-युवराज सिंह मोबाईल नम्बर : 9829410051 ई-मेलः yuvrajsinghh@gmail.com पोस्टल रजिस्ट्रेशन नम्बर RJ/JPC/D-009/2006-08